दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### चिटफंड कंपनी के निदेशक से पूछताछ जारी

**कोरबा (आरएनएस)।** कोतवाली पुलिस ने आज एक महिलाओ को आत्मनिर्भर एवं भारी धन संचय करने की योजना में लाभ उठाने का झांसा देने वाली एक तथा कथित चिटफंड कंपनी के कथित निदेशक को बुलाकर उस पर लगे गंभीर आरोप के संबंध में गहन पूछताछ प्रारंभ कर दी हैं। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने इस संबंध में जानकारी दी हैं की पकडे गए कथित आरोपित के कारोबार और उसमे शामिल जनों के संबंध में विस्तार से जानकारी जुटाई जा रही हैं। इस कथित आरोपी पर आरोप लगा हैं की वह अपने कारोबार के माध्यम से अंचल की भोलीभाली महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने एवं जमा राशि पर बेतहाशा ब्याज जुटाने का लालच दे उन्हें ठगी के प्रयास में संलग्न हैं। यह मामला करोडो रुपयों का बताया गया हैं और इस मामले में संलिप्त जनो की कुंडलिया भी खंगाली जा रही हैं। ठगी की शिकार अधिकांश महिलाये मध्यमवर्गीय बताई जा रही हैं इस मामले के संदर्भ में पुलिस की ओर से कोई भी अधिकृत या पुस्ट जानकारी नहीं दी गयी हैं। आगे की जांच-पड़ताल जारी हैं।

### 35 हाथियों के दल की आमद से ग्रामीणों में दहशत

**अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)।** 35 हाथियों का बड़ा दल सरगुजा और बलरामपुर जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वछंद विचरण कर रहा है। सरगुजा के लुंड्रा और बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में जमे हाथियों द्वारा धान की फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।एक साथ 35 हाथी होने के कारण इनकी निगरानी में भी परेशानी हो रही है। रात के अंधेरे में हाथियों से जनहानि रोकना वन विभाग के लिए कड़ी चुनौती साबित हो रही है। 35 हाथियों का यह दल सबसे पहले प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचा था। इस कारण इस दल के तमोर पिंगला अभयारण्य क्षेत्र से मैदानी इलाके में आने की संभावना है। हाथियों का यह दल प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के गांवों से होते हुए राजपुर वन परिक्षेत्र में घुसा था। धान-गन्ना की फसल को नुकसान पहुंचाते हुए सभी 35 हाथी राजपुर के चांची जंगल के समीप अंबिकापुर- रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर आगे बढ़े थे। तीन दिन पहले यह दल सरगुजा जिले के लुंड्रा वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर गया था। चन्द्रेश्वरपुर,जोरी, बिल्हमा क्षेत्र में विचरण करते हुए सभी हाथी मंगलवार की रात राजपुर वन परिक्षेत्र के कोरगी-अमदरी की ओर चला गया था लेकिन भोर होते ही हाथी लुंड्रा और शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र की सीमा पर जारगिम सर्किल में प्रवेश कर गए थे। हाथी जिस ओर भी जा रहे हैं वहां धान , गन्ना के अलावा दूसरी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अत्यधिक संख्या होने के कारण जिस खेत से होकर ये गुजर रहे हैं वह नष्ट हो जा रही है। वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सारी रात हाथियों की निगरानी में लगे हुए हैं। हाथियों के विचारण क्षेत्र से लगे गांव में लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

### भूमि का सौदा कर दूसरे को बेचा, ठगी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम परसवानी स्थित जमीन का सौदा कर ईकरारनामा तैयार कर 10 लाख 51 हजार लेकर भूमि दूसरे को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह 41 वर्ष मच्छी तालाब गुढियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी लक्ष्मी देवी टंडन और विवेक टंडन ने अपनी ग्राम परसवानी स्थित 9 एकड़ 43 डिस्मील भूमि को प्रार्थी को बिक्री करने के लिए सौदा तय कर ईकरारनामा तैयार कर 10 लाख 51 हजार रुपए ले लिया और फिर जमीन को किसी दूसरे के पास बेच दिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी मिली तो उसने इसकी शिकायत थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# देश की राजधानी दिल्ली में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की दिखी झलक

## छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह पर प्रगति मैदान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

❒ छत्तीसगढ़ की सशक्त भारत के निर्माण में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री

रायपुर । आरएनएस





देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति व कला के बड़ी संख्या में लोग साक्षी बने। मौका था 43वें भारत अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह का, जहां एमफी थियेटर में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने मनोहर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पवेलियन में अलग-अलग स्टॉलों का भ्रमण कर कलाकारों को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में राज्य को संभावनाओं की भूमि बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब सशक्त भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि में नवाचार, और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। हमारा उद्देश्य राज्य को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। छत्तीसगढ़ अपनी सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक विकास के संयोजन के साथ एक वैश्विक पहचान बनाने के लिए तैयार है। सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ से आये कलाकारों ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न उत्सवों, तीज त्योहारों पर किए जाने वाले नृत्यों की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने भरपूर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। छत्तीसगढ़ी लोकमंच पर गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ, और पंथी जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की लोक कला और सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया। कलाकारों ने गौरा-गौरी और भोजली की धार्मिक परंपरा, सुआ नृत्य के भावपूर्ण गीत, और राउत नाचा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जीवंत लोक परंपराओं से दर्शकों को रूबरू कराया। इसके साथ ही पंथी और करमा नृत्य द्वारा आध्यात्मिकता और भक्ति भाव से दर्शकों को सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर दिल्ली में पदस्थ छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सैन, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी, संस्कृति व राजभाषा विभाग के संचालक विवेक आचार्य, लघु वनोपज के महाप्रबंधक मणिवासन एस, सीएसआईडीसी के महाप्रबंधक विश्वेश कुमार, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल, आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए राजस्व निरीक्षक और पटवारी

कोरबा । आरएनएस

एंटी करप्शन ब्यूरो ने जिले के दर्री तहसील के एक राजस्व निरीक्षक और एक पटवारी को जमीन के सीमांकन के लिए रिश्वत लेते हुए रँगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जिले के बांकीमोंगरा क्षेत्र में रहने वाले संजय दिवाकर ने जमनीपाली में एक भूखंड को खरीदने के लिए भूमि स्वामी शत्रुघ्न राव के साथ सौदा किया है। संजय जमीन की रजिस्ट्री से पहले भूखंड का सीमांकन कराना चाहता था। इस कार्य के लिए उसने दर्री तहसील कार्यालय में कार्यरत राजस्व निरीक्षक अश्वनी राठौर से मुलाकात किया। राठौर को अपना काम बताया, उसने इसी मसले को लेकर हल्का पटवारी धीरेंद्र लाटा से भी संपर्क किया। लाटा ने सीमांकन के लिए 15 हजार रुपए की मांग किया। इसके बिना राजस्व निरीक्षक और पटवारी जमीन को चिन्हित करने के लिए तैयार नहीं थे।

इस बीच संजय दिवाकर ने राजस्व निरीक्षक और पटवारी के कार्यालय का कई बार चक्कर लगाया लेकिन दोनों 15 हजार रुपए लिए बिना जमीन के सीमांकन के लिए तैयार नहीं हुए। तब संजय ने इस मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क किया। संजय बिलासपुर पहुंचा और उसने रिश्वत मांगे जाने की लिखित शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद एसीबी की टीम हरकत में आई और रिश्वत लेने वाले को रंगे हाथ पकडऩे की योजना बनाई गई। एसीबी से प्राप्त निर्देशों के आधार पर संजय, राजस्व निरीक्षक अश्वनी राठौर और हल्का पटवारी धीरेंद्र लाटा से मिलने पहुंचा। 13 हजार रुपए में जमीन सीमांकन के लिए धीरेंद्र लाटा काफी मोल भाव करने के बाद तैयार हुआ। एसीबी के बिछाए जाल में जब अश्वनी और धीरेंद्र फंस गए तब बुधवार को एसीबी की टीम कोरबा पहुंची। टीम ने जमनीपाली क्षेत्र में संजय को 5000 रुपए देकर पटवारी धीरेंद्र लाटा के पास भेजा। धीरेंद्र लाटा ने इस पैसे को ले लिया। एक अन्य टीम संजय के साथ अश्वनी राठौर के पास पहुंची। अश्वनी के लिए संजय के जरिए 8000 रुपए घूस भेजा गया। इस राशि को अश्वनी ने ले लिया। इसके तुरंत बाद एसीबी की टीम ने अश्वनी को पकड़ लिया। पटवारी धीरेंद्र और राजस्व निरीक्षक अश्वनी से रिश्वत की 13 हजार रुपए को जब्त किया गया। पूछताछ के लिए टीम ने दोनों को हिरासत में लिया और देर रात तक दर्री क्षेत्र में उनसे पूछताछ जारी है। एसीबी ने इस मसले को लेकर एक प्रेस नोट जारी किया है इसमें बताया है कि आरोपियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7-12 के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**इससे पहले पकड़े गए थे नगर निगम के दो रिश्वतखोर इंजीनियर-** इसके पहले एसीबी की टीम ने नगर निगम दर्री जोन कार्यालय में कार्यरत तत्कालीन इंजीनियर और सब इंजीनियर को गिरफ्तार किया था। दोनों पर एक ठेकेदार से कराए गए कार्य के बदले बिल तैयार करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। एसीबी ने गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया था। कई माह तक दोनों अफसर जेल में रहे। हाल ही में बेल पर रिहा हुए हैं। अब इस मामले की सुनवाई कोरबा के कोर्ट में चल रही है। जिले में हो रही एसीबी की कार्रवाई से भ्रष्ट अधिकारियों में सन्नाटा पसरा है वहीं इनसे परेशान लोग राहत महसूस कर रहे हैं। राजस्व विभाग में भी भ्रष्टाचार काफी फैल चुका है और बिना रिश्वत विभाग में कार्य कराना आम लोगों के लिए कठिन है।

## छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन शैलियों पर निर्माणाधीन म्यूजियम अंतिम चरण में

❒ प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने म्यूजियम का कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज शाम नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आदिम जनजातियों की जीवन शैलियों पर तैयार हो रहे म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और वेंडरों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय के पास ही ट्रायबल म्यूजियम का निर्माणकार्य भी अंतिम चरण में है। यह ट्रायबल म्यूजियम जनजातीय जीवनशैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति (देवगुड़ी), उनकी वेशभूषा, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताओं को जीवंत प्रदर्शित करेगा। इसमें ज्यादातर वूडन कार्य होने के कारण प्रमुख सचिव बोरा द्वारा इसमें दीमकरोधी एवं पानी से बचाव को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि इन दोनों संग्रहालय के मूर्तरूप में आने के बाद निश्चित ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस मौके पर विभागीय इंजीनियर, वरिष्ठ अधिकारी और ठेकेदार उपस्थित थे।

## पुसौर पुलिस की शराब रेड में एक आरोपी गिरफ्तार, 15 लीटर महुआ शराब जब्त



**रायगढ़।** पुसौर पुलिस ने ग्राम लिंजिर भदरीडीपा में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 लीटर महुआ शराब जब्त की है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित बंजारे को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम लिंजिर भदरीडीपा में एक व्यक्ति अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने क्षेत्र में निगरानी शुरू की।

मुखबीर से मिली जानकारी के बाद, थाना प्रभारी के निर्देशन में प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय और अन्य पुलिसकर्मी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने मुरलीधर पटेल (53 वर्ष), निवासी कंवरिहा, थाना पुसौर को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। आरोपी के पास एक प्लास्टिक बोरी में दस लीटर और पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में कुल 15 लीटर महुआ शराब मिली, जिसकी कीमत लगभग 1500 रुपये है।

आरोपी के खिलाफ पुसौर थाना में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस शराब रेड में प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय, आरक्षक दिनेश कुमार गोंड, विजय कुश्वाहा और ठंडाराम गुप्ता शामिल थे।

## अवैध शराब पर चक्रधरनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाई : 42 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़



दोपहर थाना चक्रधरनगर के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) नंद कुमार सारथी के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस ने गोवर्धनपुर उरांव पारा में राजकुमार उरांव के घर में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री के खिलाफ रेड मारी। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

एएसआई नंद कुमार सारथी को सूचना मिली कि राजकुमार उरांव अपने घर में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए रखी है। इसके बाद एएसआई ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी। मौके से 42 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल रु.8,400/- की बरामद की गई। जिसमें से:

20 लीटर महुआ शराब ट्रक के चक्के के ट्यूब में छिपाकर रखी थी, 22 लीटर शराब 2-लीटर वाली 11 कोल्ड्रिंक बोतलों में रखी हुई थी।

आरोपी राजकुमार उरांव (34 वर्ष) के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

शराब रेड कार्रवाई में एएसआई नंद कुमार सारथी के साथ आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल, शांति कुमार मिरी और महिला आरक्षक अनिता बेक शामिल थे। पुलिस टीम ने गवाहों के समक्ष शराब की जप्ती की और आरोपी को हिरासत में लिया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सख्त संदेश देती है और पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मारपीट मामले के दो आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़



जूटमिल पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस ने सोनू सोनवानी (19 वर्ष) और उसके बड़े भाई संजय सोनवानी (24 वर्ष), दोनों निवासी बजरंगपारा जूटमिल को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं और इन पर कई अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

घटना 16 नवम्बर की दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब धर्मेंद्र उपाध्याय (38), जो पटेलपाली पेट्रोल पंप में सेल्समैन के रूप में कार्यरत हैं, अपने घर के सामने मोहल्ले के तीन युवकों—विकास चौहान, अजय मेहर और उनके साथी—को गाली-गलौच करते देख टोका। इससे नाराज आरोपियों ने धर्मेंद्र से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से चाकूनुमा हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में धर्मेंद्र को गंभीर चोटें आईं।

मामले की सूचना मिलते ही एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ तत्परता से कार्रवाई की। पुलिस ने विकास चौहान उर्फ विक्कू (26) और अजय मेहर (23) को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त हथियार—लोहे की खुरपी और तलवार—बरामद किए। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। सोनू और संजय सोनवानी फरार थे, लेकिन पुलिस ने मुखबीर तैनात कर उनके खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी। आज मुखबीर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। संजय सोनवानी से एक बांस का डंडा भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी विकास चौहान और अजय मेहर पर पहले भी मारपीट, लूटपाट और अवैध शराब बिक्री जैसे मामलों में कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों आरोपी बदमाश प्रवृत्ति के हैं और उनका आपराधिक इतिहास है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, एएसआई नरेंद्र सिदार, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ, शशिभूषण साहू, परमानंद पटेल और सुशील यादव ने अहम भूमिका निभाई।


# एकलव्य आदर्श विद्यालय के राष्ट्रीय खेलों का मेजबानी करेगा छत्तीसगढ़

❒ राजधानी रायपुर में होगा 22 खेलों का आयोजन

❒ पच्चीस राज्यों के 6 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल

❒ प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने तैयारियों की ली बैठक

रायपुर । आरएनएस



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ को मिली है। यह खेल प्रतियोगिता 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता में 15 एकल एवं युगल तथा 7 सामूहिक खेल इस तरह कुल 22 खेलों का आयोजन किया जाएगा।

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दिल्ली से नेस्ट्स (हृश्वस्ञ्जस्) के ज्वाइंट कमिश्नर बीसी रतोरी, असिस्टेंट कमिश्नर गौरव सिंह, टीआरआई के प्रभारी संचालक संजय गौड़, खेल विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न खेल एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि 14 से 20 दिसंबर के मध्य प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों में संचालित एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 हजार से अधिक खिलाडिय़ों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में खिलाडिय़ों एवं उनके साथ आनेवाले अधिकारियों के ठहरने, भोजन व आवागमन के साथ ही खेल स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव बोरा ने बताया कि भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर सामान्य जाति के विद्यार्थियों के समकक्ष लाने एवं उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं। वर्तमान में प्रदेश में 10 कन्या तथा 06 बालक एवं 59 संयुक्त, इस प्रकार कुल 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU